गंदगी

गंदगी दे रही बीमारियों को खुला आमंत्रण

सड़कों पर कचरे के ढेर, नागरिक परेशान

जबलपुर, नवभारत। शहर की सफाई व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। नगर के प्रमुख इलाके जैसे करमचंद चौक (मढ़ाताल), जवाहर गंज वार्ड और विक्टोरिया एरिया में सफाई व्यवस्था की गंभीर समस्या सामने आ रही है। इन क्षेत्रों में सड़कों के किनारे कचरे के ढेर लगे हुए हैं, वहीं नालियां गंदगी से जाम होकर बदबू एवं बीमारियों का खतरा फैला रही हैं। हालात इतने खराब हैं कि आम नागरिकों का यहां से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। बात करें अगर करमचंद चौक, मढ़ाताल और जवाहरगंज वार्ड की तो यहाँ मुख्य सड़कों के किनारे निकाला गया कचरा उठाया नहीं जा रहा है। जिससे वह कचरा नाली में जाकर जमा हो जाता है। जिसके कारण बाजार क्षेत्र गंदगी का माहौल बना हुआ है। दुकानदारों और ग्राहकों ने बताया कि पार्षद

को शिकायत करने के बाद भी, समस्या का कोई समाधान नहीं किया जाता है जिससे परेशानी दिन ब दिन बढ़ती चली जा रही है।

इलाके अलग अलग हाल एक समान

शहर के विक्टोरिया एरिया में भी गंदगी और नालियों की सफाई न होने के कारण कचरा जमा हो जाता है वा अनियमित सफाई व्यवस्था लोगों की नाराजगी का कारण बन रही है। वही स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि यहाँ साफ़ सफाई कभी-कभार हो जाती है। शिकायत करने पर एक बार सफाई कर दी जाती है, लेकिन फिर कुछ ही दिनों में कचरा दोबारा जमा हो जाता है। वही लोग भी लापरवाही से कचरा फैला देते हैं। गंदगी के कारण मच्छरों से फैलने वाली बीमारियां तेजी से बढ़ रही है जैसे डेंगू, मलेरिया आदि का खतरा मंडरा रहा है। बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर इसका सबसे ज्यादा असर पड़ रहा है। इसके अलावा, सड़कों पर फैला कचरा आवागमन में भी बाधा बन रहा है।

इनका कहना है

लोगो ने काफी बार शिकायत की है लेकिन समाधान नहीं किया जाता है। कचरा जमा हो कर नाली जाम कर देता है।

हरीश पटेल

यह शहर का बाजार एरिया है, यहाँ रोज सफाई होनी चाहिए। लेकिन सफाई व्यवस्था बिल्कुल ढीली है।

नवीन सेन

करमचंद चौक, जवाहरगंज वार्ड एवं विक्टोरिया एरिया आदि क्षेत्रों में निरंतर पब्लिक मूवमेंट की वजह से कचरा फैल जाता है लेकिन फिर भी हम लोगो को जागरूक कर रहे है कि स्वच्छता बनाए रखे।

अंकिता बर्मन, स्वच्छता प्रभारी

हत्यारे पिता की मौत, पुत्र को आजीवन कारावास

चरगवां में पिता-पुत्र पर किया था फावड़े से हमला

जबलपुर। चरगवां में पड़ोस में रहने वाले युवक और उसके पिता पर फावड़े से हमला कर हत्या करने वाले आरोपी मस्तराम पिता मुन्ना रजक को अदालत ने दोषी पाया है। अपर सत्र न्यायाधीश ओमप्रकाश रजक की अदालत ने आरोपी मस्तराम को आजीवन कारावास व तीन हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। वहीं उसके पिता आरोपी मुन्ना रजक की मामले के विचारण दौरान मौत हो चुकी है।

अदालत के समक्ष विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने पक्ष रखा। जिन्होंने बताया कि 3 जून 2022 को चरगवां के पटेल मोहल्ला निवासी बृजेश और उसके पिता रात्रि अपने मकान की छत पर सो रहे थे। उसी समय पड़ोस में रहने वाले आरोपी मस्तराम और उसके पिता मुन्ना रजक ने गालीगलौज शुरु कर दी। जब

पीड़ित बृजेश और उसके पिता ने विरोध किया तो आरोपी पिता-पुत्र ने फावड़े से दोनों बाप-बेटे पर जानलेवा हमला कर दिया। जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर किया गया। जहां उपचार दौरान दशरथ की मौत हो गई, वहीं उनका बेटा बृजेश गंभीर रूप से चोटिल था। उक्त मामले में पुलिस ने हत्या, हत्या का प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। विचारण दौरान आरोपी मुन्ना रजक की मौत हो गई थी, मामले में पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी 32 वर्षीय मस्तराम रजक पिता स्व. मुन्ना रजक को दोषी करार देते हुए उक्त सजा सुनाई।

लाखों के गबन मामले की शिकायत का जल्द करें निराकरण

मप्र हाईकोर्ट ने पुलिस अधीक्षक जबलपुर को निर्देशित किया है कि गबन की शिकायत का जल्द से जल्द निराकरण करें। जस्टिस बीपी शर्मा की एकलपीठ ने इसके लिए अधिकतम दो माह की मोहलत दी है। जबलपुर निवासी रामकली अहीरवार की ओर से अधिवक्ता साहिल दुबे ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता बरेला में पेट्रोल पंप का संचालन करती हैं। पेट्रोल पंप में कार्यरत कैशियर प्रशांत रजक ने 68 लाख रुपए का गबन किया है। याचिकाकर्ता के सभी व्यवसाय का हिसाब-किताब वही रखता था। याचिकाकर्ता ने 2024 से अभी तक पुलिस थाना बरेला और पुलिस अधीक्षक को छह शिकायतें की हैं। अभी तक इस मामले की जांच व कार्रवाई नहीं की गई। इसलिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई। न्यायालय ने एसपी को सभी दस्तावेजों की जांच कर शिकायत पर उचित कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए याचिका का निराकरण कर दिया।

महिला यात्री की समय पर सहायता कर बचाई गई जान

जबलपुर, नवभारत। यात्रियों की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए जबलपुर रेल मंडल ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता और त्वरित कार्यवाही का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। मिली जानकारी के अनुसार विगत 16 अप्रैल को ट्रेन संख्या 20174 में कोच ष्ट-3 में यात्रा कर रही एक महिला यात्री को अचानक अत्यधिक रक्तस्राव (ब्लीडिंग) की समस्या हो गई जिनकी पहचान रोशनी शुक्ला 26 वर्ष, अपने पति रामभूषण शुक्ला 35 वर्ष के साथ रीवा से रानी कमलापति स्टेशन तक यात्रा कर रही थीं। पिपरिया स्टेशन पार करने के पश्चात महिला यात्री की

तबीयत बिगड़ने पर उनके पति द्वारा तत्काल रेलवे स्टाफ को सूचित किया गया। सूचना मिलते ही ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मियों राजेश मिश्रा, उप मुख्य टिकट निरीक्षक, अमन शाह, उप मुख्य टिकट निरीक्षक एवं महिला आरक्षक उमा पटेल ने बिना समय गंवाए तत्परता दिखाते हुए तत्काल भोपाल कंट्रोल को सूचित किया।

इटारसी स्टेशन पर की गई तैयारी

रेलवे की त्वरित समन्वय व्यवस्था के तहत गाड़ी के इटारसी स्टेशन पहुंचते ही पहले से तैयार मेडिकल टीम मौके पर उपलब्ध हो गई। रेलवे स्टाफ द्वारा महिला यात्री को सुरक्षित रूप से ट्रेन से उतारकर प्लेटफॉर्म पर लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। तत्पश्चात एम्बुलेंस के माध्यम से उन्हें नजदीकी अस्पताल भेजा गया, जहां उनका आगे का उपचार जारी है।इस सराहनीय कार्य में रेलवे कर्मियों की संवेदनशीलता, सतर्कता एवं त्वरित निर्णय क्षमता ने एक संभावित गंभीर स्थिति को समय रहते नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जबलपुर रेल मंडल यात्रियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सुविधा के प्रति पूर्णत: प्रतिबद्ध है। इस घटना से यह स्पष्ट होता है कि भारतीय रेल न केवल यात्रा का माध्यम है, बल्कि संकट की घड़ी में यात्रियों का भरोसेमंद सहारा भी है।

एक दिवसीय काम बंद हड़ताल कर जताया विरोध

वेतन नहीं मिलने से सड़क पर बिफरे सफाई कर्मी

नवभारत,जबलपुर। पिछले 3 माह से वेतन न मिलने से नाराज सफाई कर्मियों ने गुरूवार को शारदा चौक में एकत्रित होकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया और नगर निगम प्रशासन से मांग की कि उनका वेतन जल्द से जल्द दिलवाया जाए। जानकारी के अनुसार आक्रोशित सफाई कर्मचारियों में महिला सफाई कर्मी भी शामिल थीं जिन्होंने प्रतीकात्मक स्वरूप गुरूवार को मदनमहल वार्ड में एक दिन की कामबंद हड़ताल की और प्रशासन को चेतावनी दी कि उनकी मांगों पर जल्द कोई कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में अनिश्चितकालीन हड़ताल सफाई कर्मियों द्वारा की जाएगी।

प्रदर्शनकारी सफाई कर्मी नीतू, आनंद, राजू सहित अन्य ने बताया कि बर्फानी ठेकेदार द्वारा सफाई कर्मियों का वेतन नहीं दिया गया है जिसके कारण सफाई कर्मियों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली जा रही है। इसलिए अब उन्होंने निर्णय लिया है कि जब तक वेतन नहीं मिलेगा तब तक वे मदनमहल वार्ड में सफाई नहीं करेंगे।

क्या कहते हैं जिम्मेदार....

इस संबंध में स्वच्छता अधिकारी अंकिता बर्मन ने नवभारत को बताया कि शहर में लगभग सभी जहग सफाई कर्मियों का वेतन हो गया है। इक्का दुक्का जगह सिर्फ बर्फानी ठेकेदार द्वारा कुछ माह का वेतन नहीं दिया गया है जहां प्रदर्शन किए जा रहे हैं। निगम प्रशासन द्वारा हस्तक्षेप कर सफाई कर्मियों का वेतन दिलाने का काम लगातार किया जा रहा है जिससे सफाई व्यवस्था प्रभावित न हो सके। विदित हो कि पहले मदनमहल वार्ड बर्फानी ठेकेदार के अंडर में आता था लेकिन अब यहां का ठेका दूसरी समिति के पास चला गया है।

बिजली चोरी के मामलों पर मिलेगी भारी छूट, नेशनल लोक अदालत 9 मई को होगी आयोजित

जबलपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश शासन के ऊर्जा विभाग ने आगामी नेशनल लोक अदालत के लिए बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देने का निर्णय लिया है। यह अदालत 09 मई को आयोजित की जाएगी। इसमें विद्युत चोरी और अनधिकृत उपयोग के प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया जाएगा। इस विशेष योजना का लाभ मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के दायरे में आने वाले सभी पात्र उपभोक्ताओं को प्राप्त होगा। शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार यह छूट प्रीलिटिगेशन और न्यायालयों में लंबित दोनों प्रकार के मामलों पर प्रभावी होगी। इस छूट योजना के दायरे में निम्नदाब श्रेणी के सभी घरेलू और कृषि उपभोक्ता शामिल किए गए हैं। इसके अलावा 5 किलोवाट तक के गैर-घरेलू और 10 अश्वशक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को भी पात्रता दी गई है। प्रीलिटिगेशन स्तर के मामलों में कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की मूल राशि पर 30 प्रतिशत की कटौती की जाएगी। साथ ही निर्धारण आदेश की तिथि से 30 दिन बीतने के बाद लगने वाले 16 प्रतिशत वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज पर 100 प्रतिशत की पूर्ण छूट प्रदान की जाएगी।

कटंगी सीएम राइज स्कूल में 65 छात्राओं को सप्लीमेंट्री

हिन्दु धर्म सेना ने कलेक्टर-डीईओ से की जांच की मांग

नवभारत, जबलपुर। जबलपुर के कटंगी स्थित सीएम राइज कन्या शाला एक बार फिर विवादों में आ गई है। कक्षा 9वीं के परीक्षा परिणाम में 65 छात्राओं को सप्लीमेंट्री दिए जाने पर अभिभावकों और सामाजिक संगठनों में नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि कई होनहार छात्राओं को भी एक ही विषय में अनुत्तीर्ण किया गया है, जबकि कुछ अभिभावक यह भी दावा कर रहे हैं कि प्रभावशाली लोगों की छात्राओं को पास किया गया। वहीं, पुनर्मूल्यांकन के नाम पर प्रति छात्रा 50 रुपये लेने और बाद में कोई राहत न मिलने को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। इस मुद्दे को लेकर हिन्दु धर्म सेना के प्रदेश अध्यक्ष नीरज राजपूत के नेतृत्व में कलेक्टर और जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन ने स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति की जांच कराने की मांग की है। सबसे अधिक आपत्ति सामाजिक विज्ञान विषय को लेकर जताई जा रही है, जहां एक शिक्षिका पर नियमित रूप से अनुपस्थित रहने के आरोप भी लगाए गए हैं। इस मौके पर संगठन के पदाधिकारी योगेश अग्रवाल (संस्थापक), नीरज राजपूत (प्रदेश अध्यक्ष), मुकेश रजक, अविनाश सुखदान, अभय राजपूत, भारत पासी, अर्पित जायसवाल, रोहित वेन, परमदीप, कार्तिक सहित अन्य मौजूद रहे।

आज सायंकाल जलापूर्ति रहेगी प्रभावित

नवभारत,जबलपुर। शुक्रवार की शाम को जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। नगर निगम के अधीक्षण यंत्री और जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि नर्मदा जल प्रदाय योजनांतर्गत 120 एम.एल.डी. रमनगरा जलशोधन संयंत्र के अंतर्गत फिल्टर हाउस में 500 एम.एम. ब्यास, बैकवॉश लाईन में 700 एम.एम. व्यास के वाल्व बदलने का कार्य, इंटेकवेल में आईसोलेटर बदलने का कार्य एवं देवताल टैंक में बायपास अरेन्जमेंट बनाने का कार्य किया जाना है, जिसके चलते 17 अप्रैल 2026 को सायंकाल जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उक्त संयंत्र से भरी जाने वाली टंकियॉ क्रमशः बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, राईट टाउन, रामेश्वरम, मनमोहन नगर, लक्ष्मीपुर, कोतवाली, मोतीनाला, आनंद नगर, लेमा गार्डन, सर्वोदय नगर, मदर टेरेसा, बेदी नगर, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन, न्यू शोभापुर, राजीव नगर, गंगा नगर तथा अमृत योजना की कोंगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रविन्द्र नगर, सुहागी, खैरी व देवताल उच्चस्तरीय टंकियों से जलापूर्ति अवरूद्ध रहेगी।

सौगात

हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार

मोहनिया में बनेगा भव्य औद्योगिक केंद्र

नवभारत,जबलपुर। कैंट विधानसभा क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाते हुए विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने रांझी क्षेत्र के मोहनिया में प्रस्तावित औद्योगिक केंद्र का स्थल निरीक्षण किया। उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ पहुंचे विधायक ने परियोजना की बारीकियों को समझा और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। यह महत्वाकांक्षी परियोजना लगभग 25 एकड़ की विशाल भूमि पर आकार लेने जा रही है। इस औद्योगिक केंद्र की स्थापना से

कैंट विधानसभा के परिदृश्य में क्रांतिकारी बदलाव आने की उम्मीद है 'यह सिर्फ एक निर्माण नहीं, बल्कि हमारे क्षेत्र के युवाओं के सपनों की उड़ान है। इस केंद्र के माध्यम से हजारों स्थानीय युवाओं के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के द्वार खुलेंगे।'

शीघ्र होगा भूमिपूजन

क्षेत्रवासियों के लिए खुशी की बात यह है कि बहुत जल्द मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के कर-कमलों द्वारा इस केंद्र का भूमिपूजन संपन्न होगा। भूमिपूजन के तुरंत बाद निर्माण कार्य युद्ध स्तर पर प्रारंभ कर दिया जाएगा, ताकि समय सीमा के भीतर युवाओं को इसका लाभ मिल सके। स्थल निरीक्षण के इस महत्वपूर्ण अवसर पर विधायक के साथ विकास कार्यों के प्रति समर्पित जन प्रतिनिधि , दामोदर सोनी और कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

हमारी जनगणना हमारा विकास

गृह मंत्रालय भारत सरकार सत्यमेव जयते

2027 CENSUS OF INDIA जनगणना से जन सशक्तिकरण

(जनगणना 2027 का पहला चरण)
स्व-गणना (Self Enumeration) से जुड़े सामान्य प्रश्न और उत्तर (भाग-1)

स्व-गणना क्या है?

स्व-गणना एक ऑनलाइन प्रक्रिया है जिसमें आप प्रगणक की प्रतीक्षा किए बिना, स्वयं SE पोर्टल **(se.census.gov.in)** पर अपने परिवार की जानकारी भर सकते हैं

- क्या स्व-गणना अनिवार्य है?
  नहीं, यह अतिरिक्त सुविधा है, यदि आप स्व-गणना नहीं करते तो प्रगणक आपके घर आकर जानकारी दर्ज करेगा
- क्या मैं किसी भी भाषा में स्व-गणना कर सकता / सकती हूँ?
  यह सुविधा हिंदी, अंग्रेजी और 14 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है
- क्या स्व-गणना के लिए इंटरनेट जरूरी है?
  हाँ, पोर्टल तक पहुँचने और जानकारी भरने के लिए इंटरनेट आवश्यक है
- क्या मेरी जानकारी सुरक्षित है?
  हाँ, सभी डेटा सुरक्षित, एन्क्रिप्टेड और सरकारी सर्वरों में संरक्षित है
- SE ID क्या है और इसका उपयोग क्या है?
  सबमिशन के बाद आपको एक विशिष्ट 11 अंकों की SE ID मिलेगी (SMS / email से), जिसे प्रगणक के आने पर उन्हें दिखाना आवश्यक होगा
- यदि SE ID भूल जाएँ तो क्या करें?
  पोर्टल पर पंजीकृत मोबाइल नंबर के माध्यम से SE ID पुनः प्राप्त की जा सकती है
- क्या स्व-गणना के बाद भी प्रगणक आएगा?
  हाँ, प्रगणक आपके घर आएगा और SE ID के आधार पर जानकारी की पुष्टि करेगा
- क्या मुझे कोई दस्तावेज़ अपलोड करने की आवश्यकता है?
  नहीं, किसी भी दस्तावेज़ को अपलोड करने की आवश्यकता नहीं है
- क्या पोर्टल पर सहायता उपलब्ध है?
  हाँ, पोर्टल पर, यूज़र गाइड, फ्लोचार्ट, ट्यूटोरियल वीडियो, FAQs और टूलटिप्स के रूप में सहायता उपलब्ध है

टोल फ्री - 1855

चलो निभाएं अपनी ज़िम्मेदारी, करें जनगणना में भागीदारी

CensusIndia2027

CBC 19108/13/0023/2627